हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

11 लर्निंग शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर का 133 युवाओं ने उठाया लाभ


12 जिले में उज्जवला योजना की रफ्तार तेज




## खबर संक्षेप

### कंडेल में मड़ई मेला 18 को

**पुरी।** गौरव ग्राम कंडेल में ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 18 जनवरी को किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी गंगासागर कंकालिन थाना गुरुर जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच गिरधर सार्वा एवं रविकुमार नेताम दी।

### 20 को कलारतराई मड़ई

**धमतरी।** ग्राम कलारतराई में ग्रामवासियों के सहयोग से 20 जनवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जय मां शीतला मां की ममता चिकली बांधाबाजार अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर का आयोजन होगा। यह जानकारी उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने दी।

### भेंडरा में मड़ई 22 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम भेंडरा में ग्रामवासियों के सहयोग से 22 जनवरी गुरुवार को ग्राम में मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। 23, 24, 25 जनवरी को रामायण प्रतियोगिता होगी। लोगों के मनोरंजन के लिए 22 जनवरी को काका भतीजा सरायपाली जिला महासमुंद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी परमेश्वर साहू ने दी है।

### कबीर सत्संग समारोह 24 से

**पुरी।** ग्राम गागरा (कंडेल) में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को किया गया है। समारोह में संत निष्ठा साहेब सत्संग आश्रम धाम मूंजापुर बाराबंकी उत्तरप्रदेश से अपनी संत मंडली के साथ पहुंचेंगे।

रैली निकालकर कलेक्टोरेट का किया घेराव, मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# धान खरीदी में विसंगति के खिलाफ किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धान खरदी में कोताही और विसंगतियों से किसानों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा है। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ जिला धमतरी के बैनरतले किसानों ने रैली निकालकर कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया। किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्हें किसानों की समस्या गिनाई और समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी।





सेंट जेवियर्स स्कूल के सामने भारतीय किसान संघ एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित हुए और सभा का आयोजन किया। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, किसान यूनियन के प्रदेश संयोजक लीलाराम साहू, जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, सिंधु बैस, दुलार सिन्हा, ललित सिन्हा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान मेहनत कर धान का एक-एक दाना एकत्रित करते हैं। इसे सरकार खरीदने के लिए कोताही बरत रही है। कई किसान आज भी टोकन कटाने से वंचित हैं। कई किसानों का टोकन कटा है लेकिन खरीदी में टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि आफलाइन टोकन काटकर सभी पंजीकृत किसानों का पूरा धान खरीदी जाए नहीं तो किसान उग्र आंदोलन करेंगे।

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि इस वर्ष शुरुआत से ही धान खरीदी भारी अव्यवस्था का शिकार रही है। किसान लगातार अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। कभी टोकन जारी नहीं होना, कभी खरीदी लिमिट कम करना तो कभी खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था से किसान महीनों से भटक रहे हैं। धान खरीदी की प्रक्रिया को सुगम करने के बजाए भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों की ईमानदारी पर प्रश्नचिन्ह लगाया जा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि धान खरीदी को समाप्त होने में केवल 10 दिन शेष है और मात्र 60 प्रतिशत धान की खरीदी हो पाई है। किसान संघ ने मांग की है कि शासन किसानों के प्रति अपमानपूर्ण रवैये में तुरंत बदलाव लाएं और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पंजीकृत किसान अपनी उपज सही समय में सम्मानपूर्वक बेच पाएं। सभी समितियों में धान खरीदी की लिमिट तत्काल प्रभाव से बढ़ाई जाए। सभी किसानों की फसल बिक्री तक धान खरीदी जारी रखी जाए। सरकार ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया तो आंदोलन व्यापक किया जाएगा जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने कलेक्टर के समक्ष मुख्यमंत्री के नाम आवेदन में कहा है कि धान विक्रय से वंचित सभी किसानों को सोसाइटियों में टोकन उपलब्ध कराकर धान खरीदी की जाए। किसानों के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन एवं समर्पण करवाना बंद किया जाए। सोसाइटियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाई जाए। मृत किसानों का मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर एवं सोसाइटियों के पंजीयन आधार पर उनके वारिसानों से धान खरीदी करने की मांग की गई है।

किसान आंदोलन में गौतम साहू, उत्तम साहू, हीरालाल साहू, रमनलाल, ⏩ शेष पेज 10 पर

## बिना जानकारी के रकबा समर्पण करने की शिकायत

**धमतरी।** बगैर जानकारी और सहमति से रकबा समर्पण संशोधन से एक किसान व्यथित हैं। आर्थिक एवं मानसिक रूप से पीड़ित किसान ने पूरे परिवार के साथ कलेक्टोरेट परिसर में आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

मगरलोड थानांतर्गत ग्राम बिरझुली निवासी खम्हन लाल पिता सीताराम साहू ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि उसके नाम पर ग्राम बिरझुली आलेखुंटा की धारित जमीन का पंजीयन रकबा 4.85 हेक्टेयर तथा धान का कुल रकबा 4.25 हेक्टेयर है, जिसका अभी तक एक बार भी टोकन नहीं कटा है। इससे वह धान बेचने से वंचित हैं। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंगपुर में खरीफ फसल 2025 का ऋण 1 लाख 22 हजार 908 रूपये है।


पीड़ित किसान ने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह की दी चेतावनी

पीड़ित किसान ने कहा है कि उनके बिना सहमति तथा जानकारी के 1 दिसंबर 2025 को धान का रकबा समर्पण कर दिया गया है, जिसे लेकर वह प्राथमिक कृषि साख समिति के माध्यम से कई बार आवेदन कर चुका है जिसका अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। अगर एक सप्ताह के अंदर उसके धान की खरीदी नहीं होती है तो वह पूरे परिवार के साथ कलेक्टर परिसर में आत्मदाह करने के लिए विवश रहेगा।

## केकराखोली, पालवाड़ी के किसान टोकन से वंचित



**धमतरी।** मगरलोड ब्लाक के ग्राम केकराखोली और पालवाड़ी के 15 किसान सोसाइटी में धान बेचने के लिए टोकन से वंचित हो गये हैं। किसानों ने शुक्रवार को कलेक्टर को आवेदन कर धान बेचने के लिए टोकन जारी कराने की गुहार लगाई है। केकराखोली, पालवाड़ी के किसान शिवप्रसाद, सगाराम, प्रेमलाल, सुकलाल, बिमलेश, कुंवरसिंह, रामनाथ, तुलसीराम, मनीराम, सदाराम, धुरसाय, मोहन, रेवती बाई, कृपाराम, बिमलेश ने कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि वे प्रतिवर्ष सिंगपुर सोसाइटी में समर्थन मूल्य पर धान बेचते आ रहे हैं लेकिन वर्तमान वर्ष 2025-26 में अभी तक उनका एक भी टोकन जारी नहीं हुआ है जिसके कारण धान बेचने से वंचित हैं। किसानों ने टोकन से वंचित सभी 15 किसानों का अतिशीघ्र टोकन जारी कराने की मांग की है।

## रात 8 बजे तक चला संघर्ष, विधायक के हस्तक्षेप से महिला किसान को मिला न्याय

**धमतरी।** माटेगहन सेवा सहकारी समिति में गुरुवार को महिला किसान श्रीमती सोनसीर बाई नेताम के साथ धान खरीदी को लेकर गंभीर अन्याय का मामला सामने आया। समिति प्रबंधन और तहसीलदार द्वारा यह कहकर धान लेने से इनकार कर दिया गया कि यह रेग का धान है, जबकि पीड़िता ने स्पष्ट किया कि धान उनका स्वयं का उत्पादन है। इस अन्यायपूर्ण निर्णय के खिलाफ महिला किसान सोनसीर बाई नेताम ने हिम्मत नहीं हारी और कांग्रेस जिला महामंत्री श्रीमती अनीता ठाकुर के साथ दिनभर धरने पर बैठीं। सुबह से शुरू हुआ यह संघर्ष रात 8 बजे तक चला। लगातार धरना, विरोध और कांग्रेस के दबाव के बाद अंततः रात लगभग 8 बजे तहसीलदार मौके पर पहुंचे और महिला किसान के धान की खरीदी की गई। इस पूरे मामले में धमतरी विधायक ओंकार साहू के



हस्तक्षेप ने निर्णायक भूमिका निभाई। उनके निर्देश के बाद प्रशासन को अपना फैसला बदलना पड़ा और किसान को न्याय मिला। जिला कांग्रेस महामंत्री श्रीमती अनीता ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को रेग, डुबान जैसे बहानों से परेशान किया जा रहा है। वहीं विधायक ओंकार साहू ने चेतावनी दी कि भविष्य में किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय हुआ तो वे स्वयं आंदोलन करेंगे। उन्होंने डुबान और सीमांत किसानों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।



**खबर संक्षेप**

### गुहा निषाद राज जयंती 18 को

पुरूर(धमतरी)। छग निषाद केंवट समाज परिक्षेत्र फागुनदाह द्वारा शिरोमणह भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह ग्राम चिटौद में 18 जनवरी को किया गया है। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू होंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य प्रमिला साहू करेंगी। विशेष अतिथि सरपंच तीरथ यादव, उपसरपंच रमेश ठाकुर, पुरूषोत्तम सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पदुमराम निषाद, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद निषाद, कुमारी साहू होंगे। इस अवसर पर ग्राम भानपुरी का छत्तीसगढ़ी राउत नाचा होगा।

**निधन**

### श्रीमती पूनम बाई



धमतरी। श्रीमती पूनम बाई (मुन्नी बाई) पति लक्ष्मीप्रसाद सोनी का निधन 15 जनवरी को शाम 4 बजे हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान रामबाग से निकली। उनके निधन पर राजेश, कमलेश, मनीष, योगेश, बालमुकुंद, बालकृष्ण सोनी समेत अनेक लोगों ने शोक जताया है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### धान खरीदी में विसंगति के खिलाफ किसानों में आक्रोश

मोहनलाल कंवर, राजेंद्र ध्रुव, सुरेश ध्रुव, जगदीश चंद्राकर, व्यासनारायण साहू, कांशीराम कंवर, रूपराम साहू, रामकुमार सिन्हा, राकेश साहू, लोकनायक चंद्राकर, भीष्मपितामह, गणेशराम चंद्राकर, गजेंद्र दीवान, प्रदीप चंद्राकर, दिलीप पटेल, कपिलदेव पटेल, श्रीराम चंद्राकर, रामेश्वर सिन्हा, राजकरणसिंह ठाकुर, तिलकराम साहू, रामेश्वर सिन्हा, रेवाराम ध्रुव, धनेंद्र कुमार, निखिलेश देवान समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं होने से ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर संदेह

# दो माह से सरिया बिछाकर छोड़ा निर्माण कार्य, गुणवत्ता व सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





विकासखंड नगरी अंतर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पानी पाइपलाइन, वाटर टैंक एवं फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

नगरी विकासखंड में सांकरा समूह जल आपूर्ति योजना अंतर्गत 36 गांवों को जोड़ा जा रहा है, जिसके माध्यम से लगभग 29,458 अधिक घरों को पेयजल सुविधा प्रदान की जानी है। इस परियोजना पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है। घटुला क्षेत्र में इन योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुछ महीनों पूर्व विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि योजनाओं का वास्तविक लाभ हितग्राहियों तक पहुंचे। जल जीवन मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवनशैली में सुधार का संकल्प है। नगरी विकासखंड ने इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले को राज्य और देश स्तर पर पहचान दिलाई है, किंतु जमीनी स्तर पर कुछ स्थानों पर लापरवाही भी सामने आ रही है। ग्राम घटुला में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार लगभग दो माह पूर्व सरिया बिछाने के बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे निर्माण पूरी तरह ठप पड़ा है। खुले में पड़े सरिया एवं अधूरा ढांचा न केवल निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर खतरा बना हुआ है।

जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक सरिया खुले में पड़े रहने से उसमें जंग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे भविष्य में बनने वाले ढांचे की मजबूती प्रभावित हो सकती है। निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने से ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य किए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

क्षेत्र के कुछ मजदूरों ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व कार्य हुआ था, जिसमें 7-8 मजदूर कार्यरत थे। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार से प्रति व्यक्ति 8,000 रुपये से अधिक की राशि लेनी है, लेकिन अब तक पूरा भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न मिलने के कारण मजदूरों ने उच्च अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी, किंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

**क्या कहा अधिकारियों ने**

इस संबंध में साइट इंजीनियर पवन कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य जल्द ही पुनः प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना बोर्ड लगाया गया था तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि सभी मजदूरों का भुगतान किया जा चुका है।

वहीं, पीएचई एसडीओ ठाकुर से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि ठेकेदार को कार्य में हो रही धीमी प्रगति को लेकर निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही काम प्रारंभ कराया जाएगा।

**नागरिकों ने कार्रवाई की मांग की**

कुछ स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी तत्काल स्थल निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रगति की जांच करे तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# सिर्री में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

सिर्री के रामेश्वर प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा गांव के छोटे दाऊ ब्यारा में 14 जनवरी से भव्य श्रीमद भागवत पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन के पहले दिन शाम 5 बजे डीजे की धुन पर कलशयात्रा निकाली गई। यह कलशयात्रा गांव के बाजार चौक से मंडल पारा, अटल चौक, पुराना स्कूल चौक, मां दंतेश्वरी मंदिर और बड़पारा से होते हुए कार्यक्रम स्थल बाजार चौक पहुंची। उसके बाद परायणकर्ता गोविंद महाराज और रविशास्त्री महाराज के वैदिक मंत्रोचारण के साथ वेदी पूजन के साथ ही भागवत कथा का शुभांरभ किया गया।

विदित हो कि विगत 14 साल से लगातार रामेश्वर प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा गांव के अनिष्ठ निवारण और गांव, परिवार में सुख शांति और समृद्धि के लिए सार्वजनिक रूप से भागवत कथा का आयोजन किया जाता रहा है। प्रवचनकर्ता बेमेतरा निवासी आचार्य भागवत भूषण प्रमोद शास्त्री महाराज हैं। पहले दिन आचार्य ने गोकर्ण की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर श्रीमद भागवत महापुराण होता है, वहां पर जितने भी तीर्थ, नदिया हैं वे अनेक प्रकार के रुप धारण कर भागवत कथा सुनने के लिए उपस्थित हो जाते हैं। मनुष्य को भी भागवत की कथा जरूर सुननी चाहिए।

# को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने 9 समितियों को बांटे ई-पैक्स प्रमाण-पत्र

- यह आधुनिक बैंकिंग व ई-सेवाओं के संचालन का प्रमाण है : निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने शुक्रवार को को-आपरेटिव बैंक कुरुद के शाखा में आयोजित एक सादे समारोह में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकृत परियोजना से संबंधित 9 सोसाइटियों के प्रबन्धकों को ई-पैक्स का प्रमाण पत्र वितरित कर उसकी समिति के डिजिटलीकरण को प्रमाणित किया।

इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि समिति प्रबंधक के लिए यह प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है जो यह स्थापित करता है कि समिति आधुनिक बैंकिंग और ई-सेवाओं को संचालित करने के लिए आवश्यक तकनीकी बुनियादी ढांचे और अनुपालन मानदंडों को पूरा करती है। यह नाबार्ड और सहकारिता मंत्रालय की पहल का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पैक्स को आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने शाखा कुरूद के प्रबंधक टिकेन्द्र बैस की उपस्थिति में समिति कुरूद से त्रिलोचन बांसकर, कुहकुहा से लेखराम साहू, गाड़ाडीह से रमेश देवांगन, मंदरौद से नन्दूराम साहू, भाठागांव से गुरुनारायण पाठक, बगौद से जितेन्द्र पाल, चर्रा से लीनेश्वर बैस, कातलबोड़ से पंकज पटेल एवं सिवनीकला से दुर्गेश बैस को ई-पैक्स प्रमाण पत्र का वितरण किया।

# विचारों का मंथन ही समुद्र मंथन है : तिवारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

आदर्श मानस मंडली सरबदा के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह जारी है। पं. कृष्णतिवारी ने भक्तों को गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार एवं राम अवतार की कथा बताई। आगे कहा कि विचारों का मंथन ही समुद्र मंथन है, अच्छा विचार और अच्छा व्यवहार और प्रभु की प्रति प्रेम और कथा अमृत है। संसार की आशक्ति और विषय रस ही जहर है। जहर का त्याग करके भगवान शिव से प्रार्थना करनी चाहिए कि हमें इससे बचाकर रखे। वामन कथा में बताये दान देने से कभी कमी नहीं होती। महाराज बलि का कल्याण ही हुआ।

# गृहस्थ जीवन में रहकर भी वैराग्य का पालन कर सकते हैं : जोगी

- जीजामगांव में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा जारी है। कथावाचक हलधर नाथ जोगी कोपरा राजिम हैं।

कथा प्रारंभ के प्रथम दिवस श्री जोगी ने कहा कि जिस घर में ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप होता है, उस घर में पाप नाश हो जाता है। शिव महापुराण की कथा सुनने से अनेक यज्ञ के बराबर फल की प्राप्ति होती है। शिव महापुराण की कथा सभी पापों का नाश करने वाला और सुख की प्राप्त करने वाला है। अहंकार को त्याग कर ज्ञान यज्ञ में तप करते हैं तो मनुष्य जीवन में पापों से मुक्त हो जाती है। आगे कहा कि जिस जगह में शिव महापुराण की कथा होता है, वह स्थान तीर्थ के बराबर है। मानव अगर पाप चित्र में लगा हुआ है, जीवन भर पाप किया है, दुराचार एवं मूर्ख है और जिसने माता-पिता का सेवा नहीं की है, ऐसा व्यक्ति भी शिव महापुराण की कथा सुनेगा तो उसका कल्याण होगा। आगे कहा कि जहां भी शिव महापुराण की कथा होती है, उस कथा स्थल पर 33 कोटि देवी-देवता विराजित होते हैं।

# जी-राम-जी अधिनियम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में गांवों की तकदीर बदलेगी : विजय यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि जी-राम-जी अधिनियम ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया है। यह देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था। वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

# अटंग हाईस्कूल में परीक्षा सार का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग में शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष भोपाल चन्द्राकर, कुन्दन चन्द्राकर, सतवन साहू, इन्द्रजीत चेलक, प्राचार्य नूतनलाल चन्द्राकर, जेएल साहू, एमके ध्रुव, प्रकाश साहू, पार्वती चन्द्राकर, प्रमोद यादव, ऋतु चन्द्राकर, जी यादव, ममता साहू, मिथलेश साहू, चेतन साहू, वासुदेव ध्रुव, संगीत भंडारी, उत्तम ध्रुव, लुकेश्वर साहू और कौशल साहू की उपस्थिति में 10वीं एवं 12वीं के वे विद्यार्थी जिन्होंने 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किए हैं, उनको परीक्षा सार वितरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चेलक ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। शाला विकास प्रबंधन समिति ने बच्चों को अच्छे अंक लाने के महत्व के बारे में बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसआईआर कार्य का निरीक्षण करने डांडेसरा पहुंचे ऑब्जर्वर

- मतदान केंद्र 147 व 148 के कार्यों का निरीक्षण किया
- बीएलओ तीजनबाई सहित मैदानी अमलों के कार्यों की तारीफ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



देशभर में बारह राज्यों में एसआईआर का काम जोरों से चल रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ, पटवारी, शिक्षक, मितानिन से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर और सचिव स्तर के अधिकारी एसआईआर के कामों को बेहतर अंजाम देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी निरंतरता में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व कुरुद एसडीएम नभसिंह कोसले के निर्देशन में कुरुद विधानसभा 57 के मतदाताओं के ऑनलाइन कार्य पूर्ण होने के बाद जिन मतदाताओं की 2003 से मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें लगातार नोटिस देकर आवश्यक दस्तावेज के साथ तहसील न्यायालय में बुलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर बीएलओ हर मतदाता की त्रुटियों पर लगातार सुधारकर डॉक्यूमेंट अपलोड कर रहे, मतदाताओं की नई फोटो भी अपलोड भी कर रहे हैं साथ ही नया नाम जोड़ने व संसोधन का भी काम कर रहे हैं। इन्हीं सब कार्यों का निरीक्षण करने धमतरी जिले के निर्वाचन ऑब्जर्वर व छत्तीसगढ़ प्रदेश के पंचायत सचिव भीमसिंह ग्राम डांडेसरा पहुंचे, जहां मतदान केंद्र 147 व 148 के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। उक्त केंद्र के सभी कार्यों से भीमसिंग खुश हुए, बीएलओ तीजनबाई साहू सहित सभी मैदानी अमलों के कार्यों की तारीफ भी की, साथ ही जर्जर पंचायत भवन के पुनःनिर्माण के लिए स्वीकृति देने सरपंच व प्रतिनिधियों को प्रस्ताव भेजने की भी बात कही।

इस अवसर पर कुरूद एसडीएम नभसिंह कोसले, नायब तहसीलदार छत्रपाल चंद्राकर, सरपंच खुमेश्वरी साहू, सुपरवाइजर व पटवारी वीरेंद्र बैस, बीएलओ तीजनबाई साहू, बीएलए शेषनारायण साहू, सचिव खेदनलाल निषाद, रोजगार सहायक एमंत कंवर, अभिहित अधिकारी बीना गजेंद्र व डिगेश्वरी साहू, पंचायत कर्मचारी भोलेश्वर यादव, टिकेश्वर साहू, गुलाबदास मानिकपुरी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने किया सेमरा सोसाइटी का दौरा

# किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जायेगा : निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा सेमरा (भखारा) सोसाइटी का दौरा किया जहां उन्होंने उपार्जन केंद्रों में किसानों की समस्याओं एवं धान खरीदी को लेकर समिति प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी से रूबरू होकर किसानों की उपज का एक एक दाना की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गुरुवार शाम को पहुंचे सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के प्रथम आगमन पर सोसाइटी अध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत किया। प्राधिकृत अधिकारी पंकज सिन्हा ने धान खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से चलने एवं अभी तक हुए खरीदी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच गांव की इस सोसाइटी में खाद सामग्री रखने और धान, भूसा, बारदाना रखने गोदाम एवं शेड कव्हर नहीं है जिससे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समिति को नुकसान भी उठाना पड़ता है। इससे निजात दिलाने दोनों मांग को मंडी बोर्ड एवं नाबार्ड से पूरा करवाने की मांग रखी।

अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि जब से वह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष बने हैं तब से सभी जिले की सहकारी समितियों का दौरा कर वहां की स्थिति एवं किसानों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं ताकि उनकी समस्या का सरकार स्तर पर हल किया जा सके। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार उनकी उपज का एक एक दाना की खरीदी करेगा। उन्होंने मांग पर चर्चा कर पहल करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर सरपंच दुर्गा सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, पंच चंद्रकला सिन्हा, जोहनराम साहू, पन्नालाल साहू, राजेंद्र साहू, खूबलाल साहू, नेमसिंह साहू, नरोत्तम सिन्हा, भागवतराम सिन्हा, शाखा प्रबंधक भखारा स्मिता अखिलेश, कोर्रा प्रबंधक महेंद्रसिंह गौर, सोसाइटी प्रबंधक महेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवा स्टार सेवा समिति ने कलेक्टर से भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान 2026 प्राप्त करने वाली जिले की युवा स्टार सेवा समिति खरतुली के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से भेंट की। छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान 2026 प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति को शुभकामनाएं दी।

भेंट के दौरान समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना को लेकर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि युवा स्टार सेवा समिति द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्य प्रेरणादायी हैं। नशामुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और युवाओं के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में समिति का योगदान सराहनीय है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर एलके साहू (फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग रुद्री), आकाश गिरी गोस्वामी (जिला संगठक, रेडक्रॉस), तामेश्वर सिन्हा (प्रधानाचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर खरतुली), वेदप्रकाश साहू (ओम लक्ष्मी फाउंडेशन), माय भारत धमतरी से भूपेन्द्र दास, वासुदेव साहू, संकेत कुमार सहित समिति के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू, संरक्षक योगेश्वर सिन्हा, मनीष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### वार्षिकोत्सव पर दिखी छग की संस्कृति और परंपरा



**धमतरी।** जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान ने संस्था का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखते हुए छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे गए, जिनमें ठेठरी, गुजिया, खुरमा, अरसा, शकरपारा, सलोनी, गुलगुला, भजिया, बेसन भजिया, पूड़ी, बड़ा, तिल लड्डू, मुर्रा लड्डू, करी लड्डू, गाजर हलवा, सूजी हलवा एवं चौसेला रहे। कार्यक्रम में एग्जैक्ट फाउंडेशन संस्था के बच्चों ने आरपा पैरी के धार गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। मौके पर मोहनी साहू, शमीना अंजुम, भारती साहू, ऋतु प्रधान, कनक शाह, भावना मरकाम, वीणा देवांगन, भारती सोनी, मालती देवी, हिना मरकाम, तन्नू साहू, कोतिमा यदु, खिलेश्वर साहू, शिवा प्रधान, शेख सोहेल व एग्जैक्ट फाउंडेशन से जयश्री सोनेकर, दामिनी सोनेकर, प्रशांत साहू, राधा यादव, नर्मदा, तेजस सोनी की उपस्थिति रही।

### स्वर्ण पदक विजेता को महापौर ने किया सम्मानित



**धमतरी।** जिले के ग्राम परखंदा के होनहार खिलाड़ी नरेंद्र कुमार ने एशिया स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया बॉल बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। स्वर्ण पदक जीतने के पश्चात नरेंद्र कुमार ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नरेंद्र की यह उपलब्धि धमतरी जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। हमारे जिले की प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं, यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। महापौर ने कहा कि नगर निगम स्तर पर खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार के कोच गोपाल साहू, खेल शिक्षक खिलेन्द्र साहू, चेतन साहू एवं गजेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

### सशिमं में विवेकानंद जयंती मनाई गई



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि भूपेन्द्र मिश्रा, श्री गोस्वामी एवं प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी जी की पूजा-अर्चना की। सरस्वती वंदना के बाद मुख्य अतिथि भूपेन्द्र मिश्रा ने स्वामी जी के जीवन दर्शन का ज्ञान कराकर विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर बल दिया। इससे भारत आर्थिक रूप से मजबूत एवं स्वावलंबी बनेगा। प्राचार्य श्रीमती साहू ने स्वामी जी के राष्ट्रप्रेम एवं सेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह भारतीय संस्कृति के अग्रदूत थे तथा शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति, धर्म एवं अध्यात्म का डंका बजाया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं ने स्वामी जी के जीवन चरित्र पर अपने विचार रखे। योग प्रमुख गोपालराम साहू ने छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार कराया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

### छाती में ईसीसीई डे मनाया गया



**धमतरी।** ग्राम छाती के सामुदायिक भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ईसीसीई डे मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मोनिका देवांगन उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर श्रीमती देवांगन ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। ईसीसीई कार्यक्रम बच्चों की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए मुख्य अतिथि ने लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती नम्रता दिली, पूर्व जनपद अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, भोथली मंडल महामंत्री संतोष चंद्राकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी प्राची शर्मा, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में मितानिनें उपस्थित रहीं।

### नन्हे किरदारों ने समां बांधा





■ सशिमं खपरी में मना वार्षिकोत्सव

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर के छोटे बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों का मोहक डांस देखने देर रात तक दर्शक जुटे रहे। अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों और टीमों को पुरस्कृत भी किया गया। ग्राम खपरी में सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को हुआ जिसमें शिशु मंदिर के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व निरीक्षक व्यासनारायण रायपुरिया थे। अध्यक्षता सरपंच रामरोशन ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत के सभापति अमन अग्रवाल, सीआईएसएफ जवान काजल साहू, भागवताचार्य युवराज शर्मा, इंजीनियर गुरुचरण साहू, सशिमं खपरी के संयोजक भगवान सिंग रायपुरिया, उपाध्यक्ष भोलाराम सिन्हा, सक्रिय सदस्य भरतराम साहू, मुरारजी साहू, उपसरपंच ऋषिकेश साहू, ललित कुमार सिन्हा थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य लोकेश साहू, आचार्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, लीलेश्वरी साहू (सांस्कृतिक प्रभारी), श्रीमती जानकी साहू, श्रीमती फनेश्वरी साहू, श्रीमती डीलेश्वरी यादव, श्रीमती उमा भारती साहू उपस्थित थे।

---

आरटीओ व यातायात विभाग का संयुक्त आयोजन

# लर्निंग शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर का 133 युवाओं ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नागरिकों में दंडात्मक कार्रवाई के स्थान पर स्वैच्छिक अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा गांधी मैदान में लर्निंग/शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। दो दिन चले इस शिविर का 134 युवाओं ने लाभ उठाया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिले में लगातार सुनियोजित एवं जनहितकारी यातायात जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस व जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता, यातायात नियमों के महत्व तथा उनसे जुड़ी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरुक करने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से 14 एवं 15 जनवरी को गांधी मैदान में दो दिवसीय लर्निंग/शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। प्रारंभ में यह शिविर एक दिवसीय था, लेकिन युवाओं और नये वाहन चालकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता, अधिक संख्या में आवेदन मिलने एवं भीड़ को ध्यान में रखते हुए शिविर की अवधि को बढ़ाकर दो दिन किया गया। शिविर में लगभग 272 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 133 युवाओं एवं नये वाहन चालकों के लर्निंग/शिक्षार्थी लाइसेंस बनाए गए। शिविर में सभी आवेदकों को यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। पुलिस की यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक सार्थक एवं अनुकरणीय प्रयास सिद्ध होगा।



## धर्म मंच करता है संस्कार का सृजन : पं. राजेश



■ दोनर में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समाज में आज यदि कोई चीज पतन की कगार पर पहुंच रही है तो वह है नैतिक मूल्य तथा मानवीय संस्कार। इसे पुनर्स्थापित करने के लिए वर्तमान में धर्म मंच ही अपनी सार्थक भूमिका निभा सकते हैं। उक्त बातें धर्म प्रेमी, समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने ग्राम दोनर में स्वर्गीय विश्राम साहू की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्रवण करने के बाद कही। वहीं व्यास पीठ से पंडित लोचन महाराज ने कहा कि यदि कण-कण में हम अपनी आस्था को समाहित करते हुए ईश्वर के रूप में देखें तो समाज में आपसी प्रेम भाईचारा को बढ़ाने से कोई नहीं रोक सकता।

यह हमारा ही देश है जहां राष्ट्र को माता कहते हैं। धरती, गौ माता, तुलसी जैसे श्रद्धा के केंद्र बिंदु धार्मिक भावनाओं का प्रादुर्भाव करते है इसीलिए भारत की संस्कृति वासुदेव कुटुंबकम पर आधारित होकर विश्व का पद प्रदर्शन करने के लिए आज भी तैयार खड़ी है। नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा तथा भूमि विकास बैंक के पूर्व डायरेक्टर अरुण बघेल ने भी लोगों को संबोधित किया।

## रामसागरपारा में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ, कलशयात्रा निकली





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रामसागरपारा स्थित इंडोर स्टेडियम के समीप मैदान में 16 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन का प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यह धार्मिक आयोजन धर्मप्रेमी एवं केएल उद्यानिकी महाविद्यालय धमतरी के संस्थापक कन्हैयालाल साहू परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथावाचन कथावाचक पंडित हरिशरण वैष्णव (कनेरी वाले) द्वारा किया जाएगा। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुई कलश यात्रा गौरव पथ होते हुए बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा रामसागरपारा, बांसपारा होते हुए आमातालाब पहुंची। यहां सभी कलशों में पवित्र जल ग्रहण कर श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। इस आयोजन में श्रीमती सुषमा भेदूप्रसाद, श्रीमती टेमिन गोविंद, मंजू मनीष कुमार, योगेंद्र कुमार एवं दुर्गा, किरण प्रभा, उषा पटेल, विकास वैष्णव, संतोष यादव, सुकलाल ध्रुव, मनोज साहू, संगीता साहू, पदम ध्रुव, तीज बाई ध्रुव, केजा बाई यादव, कुमारी मधु यादव, श्यामलाल साहू, घनश्याम साहू, जीतराम साहू के अलावा श्री सिन्हा, गिरीश वर्मा एवं राकेश साहू जुटे हैं।

## मोदी की गारंटी लागू कराने 17 को सड़क पर उतरेंगे शिक्षक

शालाओं में रहेगी तालाबंदी, डीईओ, बीईओ, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के जिलों में 17 जनवरी को एक दिवसीय जिलास्तरीय विशाल आंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस सबंध में सूचना एवं ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी धमतरी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव ने बताया कि वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देना कोई मांग नहीं, बल्कि शिक्षकों का अधिकार है। इस आंदोलन में जिले के सभी शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे तथा पूरे जिले में शैक्षणिक तालाबंदी की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार बनने से पहले भाजपा द्वारा मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादे आज भी अधूरे हैं। वर्षों से उपेक्षित सहायक शिक्षक अब निर्णायक संघर्ष के मूड में हैं 4 मांगों को लेकर हड़ताल की जाएगी। मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए।

पूर्व सेवा की गणना करते हुए एलबी संवर्ग को समस्त सेवा लाभ दिए जाएं। शिक्षक उपस्थिति हेतु व्हीएसके एप को शिक्षकों के निजी मोबाइल में अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराने की बाध्यता समाप्त की जाए तथा शिक्षकों पर थोपी गई टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए। कार्यकारी अध्यक्ष गजानंद सोन, मीडिया प्रभारी परमेश्वर साहू ने बताया कि यह आंदोलन केवल विरोध नहीं, बल्कि सरकार को अंतिम संदेश है। यदि अब भी मोदी की गारंटी केवल भाषण और संकल्प पत्र तक सीमित रही, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष गजानद सोन, जिला सचिव भेषज साहू, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष तेजलाल साहू, ब्लॉक सचिव परमेश्वर साहू, नवीन मार्कंडेय, दुष्यंत सिन्हा, सूरज कंवर, भुनेश्वरी ध्रुव, हेमा ध्रुव, प्रिया मेश्राम, संतोष मंडावी, शिवानी रावत, कमलेश ध्रुव, रवि सेन, गौतम साहू, डिकेश पटेल, वेद प्रकाश साहू आदि बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने अनवर को सौंपी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा(नगरी)



नगरी। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं व एआईसीसी के पदाधिकारियों से राय मशविरा के बाद प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी (सिहावा) अध्यक्ष पद के लिए नगरी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनवर रजा की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति से सिहावा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। बता दें कि अनवर रजा पूर्व में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष मुस्लिम समाज नगरी, पूर्व अध्यक्ष स्पोर्ट्स क्लब नगरी जैसे विभिन्न पदों में रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि अनवर रजा के नेतृत्व में नगरी ब्लॉक में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। अनवर रजा ने बताया कि सभी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में युवाओं को साथ लेकर सभी के सहयोग से संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। उनकी नियुक्ति पर विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक अशोक सोम, राजेंद्र सोनी पूर्व मंडी अध्यक्ष नगरी, भानेन्द्र ठाकुर, सचिन भंसाली, भारत निर्मलकर, निकेश ठाकुर, खूबलाल, मीना बंजारे, रुद्र प्रताप नाग, जियाउद्दीन रिज़वी, अभिषेक बंजारे अध्यक्ष युवक कांग्रेस नगरी, प्रेमांशु प्रजापति, शिवनाथ मरकाम, महेंद्र धेनु सेवक, उमेश देव अध्यक्ष सरपंच संघ, राजू सोम, श्रीधन सोम, नंदिनी साहू, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, पेमन स्वर्णबेर समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आमदी के खेत में मिला दस फीट का अजगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार को आमदी नपं के रांवा रोड के खेत में लोगों को दस फीट का अजगर दिखाई दिया। आमदी के नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर ने धमतरी रुद्री निवासी सर्पमित्र सूर्यकांत साहू को चार बजे सूचना दी। सूर्यकांत अपने सहयोगियों सहित मौके पर तुरंत पहुंच गए। लोगों की आवाज सुनकर अजगर नहर किनारे एक खोल में जाकर छिप गया। जेसीबी की मदद से खुदाई कर डेढ़ घंटे की कड़ी मेहनत के बाद अजगर को बाहर निकाला गया। श्री साहू ने बताया कि दस फीट अजगर का वजन लगभग 18 किग्रा था। उसे पकड़ने देर शाम 7 बज गए। उसे शनिवार की सुबह सुरक्षित रूप से जंगल में रिलीज कर दिया गया।

## हेलमेट जागरुकता रैली के साथ लगा रक्तदान शिविर



**कुरूद।** सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की पूरी जिंदगी बदल सकती है। इसी बात को समझाने के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत कुरुद में हेलमेट जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर एवं एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। गुरुवार को पुलिस स्टेशन से एसडीपीओ श्रीमती मिश्रा ने नपा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति को अपनी स्कूटी की पिछली सीट पर बिठाकर इस रैली का नेतृत्व किया। रैली में पुलिस अधिकारी, यातायात जवान, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। सिर में हेलमेट और जुबान पर सड़क सुरक्षा के नारे लेकर रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी जो केनाल रोड स्थित स्वामी विवेकानंद मंगल भवन पर विराम हुई। जहां सीएमओ महेंद्र गुप्ता, पुलिस के जवान व युवा जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर पुण्य कार्य के सहभागी बने। इस अवसर पर भानु चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, कृष्णकांत साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेंद्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, भारत भूषण पंचायन, गोखुलेश सिन्हा, कमल शर्मा, श्रवण साहू के अलावा नगरपालिका, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### हेलमेट मजबूरी नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा है

हेलमेट जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष ज्योति ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर मौत सिर में गंभीर चोट लगने से होती है। हेलमेट पहनने से जान बचाई जा सकती है। हेलमेट कानून की मजबूरी नहीं, जीवन की सुरक्षा है। हेलमेट को डर या चालान से बचने का जरिया नहीं, बल्कि अपनी आदत बनाएं। एसडीओपी रागिनी ने कहा कि हेलमेट पहनना खुद और परिवार दोनों की सुरक्षा है। यातायात नियमों का पालन जरूरी है।सड़क पर अनुशासन ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। टीआई चंद्रकांत साहू ने हेलमेट जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर में सहभागी बनने वाले सभी गणमान्य लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## आज से गूंजेगा हनुमान भक्ति का स्वर





**धमतरी।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रुद्री में हनुमान कथा का आयोजन 17 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलश शोभायात्रा से हुई। 23 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 9 बजे गुरु दीक्षा संस्कार का आयोजन किया जाएगा। कथावाचक संकर्षण महाराज प्रयागराज उप्र के सान्निध्य में भक्तों को श्री हनुमान जी की महिमा, भक्ति और शक्ति का दिव्य अनुभव प्राप्त होगा। आयोजन की व्यवस्था मां कामाख्या धर्मदा ट्रस्ट एवं भक्तगण द्वारा की जा रही है।

## नीलकंठ महादेव की शरण में विकास का संकल्प

**धमतरी।** स्वामी विवेकानंद कॉलोनी गली नंबर–4 स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ अवसर पर नगर निगम धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा जी की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। महापौर ने भगवान नीलकंठ महादेव का विधिवत पूजन-अर्चन कर नगर की सुख-समृद्धि, शांति और तेज़ विकास की कामना की।

इस अवसर पर पार्षद पिंटू यादव, कुलेश सोनी, ईश्वर सोनकर, संतोष सोनकर एवं पूर्व वार्ड पार्षद श्रीमती सुशीला तिवारी भी उपस्थित थे। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि धार्मिक आस्था के केंद्रों का संरक्षण और विकास वर्तमान नगर निगम की प्राथमिकता में शामिल है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तेंदूकोना में 19 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम तेंदूकोना (अछोटा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल चिन्ताराम नेताम ने दी है।

### देवपुर में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**पुरी।** देवपुर में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन आज 17 जनवरी को आयोजित है। मुख्य अतिथि श्रीमती अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी होंगी। यह जानकारी परिक्षेत्र सचिव दिलीप ध्रुव ने दी।

### सरसोंपुरी में ग्राम विकास समिति गठित

**पुरी।** ग्राम सरसोंपुरी में ग्राम विकास समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से देवघर यादव को अध्यक्ष, खेमलाल साहू को सचिव एवं नरेंद्र साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक मानदास साहू चुने गए।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 27 तक

**धमतरी।** छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश के तहत नगरनिगम क्षेत्र धमतरी के मोटर स्टैण्ड वार्ड क्रमांक 29 में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी है।

### राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 20 को

**धमतरी।** राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 20 जनवरी को आहूत की गई है। सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सभी राजस्व अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दिए हैं। बैठक में ई-कोर्ट, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन की प्रगति, नक्शा प्रोजेक्ट, आधार सीडिंग, डिजिटल हस्ताक्षर, सर्वे-रिसर्वे की प्रगति, सीएम डैशबोर्ड, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना आदि की समीक्षा की जाएगी।

### कोलियारी में 18 से मानसगान, 20 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी में 18 से 20 जनवरी तक मानसगान व्याख्यान प्रतियोगिता तथा मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मानसगान प्रतियोगिता का



शुभारंभ 18 जनवरी रविवार को प्रातः 9 बजे होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण 19 जनवरी को होगा। 20 जनवरी को पारंपरिक मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत जय महावीर लोककला मंच, अरंड (पिथौरा) द्वारा लड़की जोकर परी गम्मत की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी ग्राम प्रमुख यशवंत सोनकर ने दी।

### लक्ष्य से दोगुने आवेदन, जनवरी से मिल रहे मुफ्त गैस कनेक्शन

# जिले में उज्ज्वला योजना की रफ्तार तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जिले में गरीब और पात्र परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज हो गई है। जनवरी माह से उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन का वितरण शुरू हो चुका है। जिले में जहां 5831 हितग्राहियों को कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है, वहीं इसके मुकाबले करीब 10 हजार से अधिक आवेदन एजेंसियों के पास पहुंच चुके हैं।

अब तक जिले में 700 से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। अधिकारियों के अनुसार शेष आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है। इस बार कनेक्शन वितरण की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। पहले जहां गैस एजेंसियां ही आवेदनों की जांच कर कनेक्शन देती थीं, वहीं अब गठित समितियों के माध्यम से पात्रता की जांच की जा रही है। जांच में अपात्र पाए जाने वाले आवेदनों को सूची से हटाया जा रहा है।



#### एजेंसियों में उमड़ी भीड़

उज्ज्वला योजना के तहत नया कनेक्शन लेने के लिए गैस एजेंसियों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इंडेन गैस एजेंसी के संचालक मोहन अग्रवाल ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को फोन कॉल के माध्यम से सूचना दी जा रही है और उन्हें चरणबद्ध तरीके से कनेक्शन वितरित किए जा रहे हैं।

#### 565 रुपये में रिफिलिंग की सुविधा

उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रारंभ में निःशुल्क गैस चूल्हा, भरा हुआ सिलेंडर और अन्य जरूरी सामग्री दी जा रही है। इसके बाद रिफिलिंग कराने पर 932 रुपये की राशि जमा करनी होगी, जिसमें से 300 रुपये की छूट हितग्राही को वापस मिलेगी और 67 रुपये की सब्सिडी सीधे खाते में आएगी। इस तरह उज्ज्वला हितग्राहियों को 565 रुपये में सिलेंडर उपलब्ध हो सकेगा।

#### जिले में गैस कनेक्शनों की स्थिति

धमतरी जिले में 14 गैस एजेंसियां संचालित हैं। जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या करीब 2.32 लाख है। इनमें से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.28 लाख से अधिक लाभार्थी शामिल हैं। उज्ज्वला 1.0 के तहत 1,15,406 और उज्ज्वला 2.0 के तहत 13,237 गैस कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं।

#### ई-केवाईसी नहीं कराने पर कनेक्शन हो सकता है ब्लॉक

गैस एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार जिन उपभोक्ताओं ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, उनके गैस कनेक्शन ब्लॉक किए जा सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता रिफिलिंग की सुविधा से वंचित हो सकते हैं। एजेंसियों ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं, अन्यथा अगले सप्ताह से कनेक्शन ब्लॉक होने की कार्रवाई शुरू हो सकती है।

# डबल निमोनिया से जूझ रहे 6 वर्षीय बालक को मिली नई जिंदगी





- श्री गोपाला अस्पताल में हुआ सफल उपचार
- 5 दिनों तक जीवनरक्षक दवाइयां, एंटीबायोटिक और ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रत्नाबांधा रोड स्थित श्री गोपाला चाइल्ड एंड डेंटल केयर अस्पताल में डबल निमोनिया से पीड़ित 6 वर्षीय बालक का डॉक्टरों की टीम ने सफल उपचार कर उसे स्वस्थ अवस्था में घर भेज दिया। समय पर इलाज और विशेषज्ञ की देखरेख से बालक की जान बच सकी।

अस्पताल के डायरेक्टर एवं चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. सीएल साहू ने बताया कि करीब 9 दिन पूर्व बालक को सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया था। जांच के दौरान खून एवं अन्य परीक्षणों से पता चला कि बच्चे के दोनों फेफड़ों में निमोनिया हो गया है। डबल निमोनिया के कारण बच्चे को सांस लेने में अत्यधिक परेशानी हो रही थी, विशेष रूप से दाएं फेफड़े में ज्यादा संक्रमण और पानी भरने की स्थिति पाई गई।

डॉ. साहू ने बताया कि बच्चे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कर 5 दिनों तक जीवनरक्षक दवाइयां, एंटीबायोटिक और ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। कुल 9 दिनों के बेड रेस्ट और सतत निगरानी के बाद बच्चे की हालत में लगातार सुधार हुआ। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, सामान्य रूप से भोजन कर रहा है और बातचीत भी कर रहा है, जिसके बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम चिचबोड़ जिला बालोद निवासी आशा देवांगन एवं रमेश देवांगन अपने पुत्र रूद्र देवांगन को सांस लेने में तकलीफ होने पर अस्पताल लेकर आए थे। परिजनों ने बताया कि यह पहला अवसर था जब बच्चे को भर्ती करना पड़ा। इलाज से संतुष्ट परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि यहां का वातावरण, साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन और व्यवहार अत्यंत सराहनीय है। यह अस्पताल उनके लिए मंदिर के समान है।

#### क्या है निमोनिया

निमोनिया फेफड़ों का एक संक्रमण है जो बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण होता है, जिससे फेफड़ों की वायु थैलियों (एल्विओली) में तरल पदार्थ या मवाद भर जाता है, जिससे खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द होता है, जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है और सही समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा भी साबित हो सकता है।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- शिक्षा ही प्रगति का सशक्त माध्यम : अमरजीत

छग शासन राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं हेतु शैक्षणिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह छाबड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिक्षा को प्रगति का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री छाबड़ा



ने कहा कि माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान सफलता का मूल मंत्र है। डॉ. शोभाराम देवांगन विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना तथा नत्थूजी जगताप विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक नृत्य किया।

विशिष्ट अतिथि हेमराज सोनी जिलाध्यक्ष गौ सेवा आयोग, महेन्द्र पंडित भाजपा महामंत्री, राजू सोनकर अध्यक्ष शाला विकास समिति, शिव नेताम सदस्य शाला विकास समिति, प्रीतपाल सिंह छाबड़ा, शेख मोबिन अध्यक्ष मुस्लिम समाज एवं ललित माणिक उपस्थित रहे। सहायक संचालक देवेश सूर्यवंशी, डॉ. रबीन्द्रनाथ मिश्र, मनीष ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मगरलोड, कमलेश ध्रुव सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी तथा अजय पाण्डेय एपीसी जिला कार्यालय ने अतिथियों का अभिनंदन किया। मंच संचालन श्रीमती ममता खालसा एवं सुरेश साहू ने किया। रायपुर से पहुंचे केरियर काउंसलर देवलाल साहू ने विद्यार्थियों को रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से केरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में जिले के 26 विद्यालयों के 79 विद्यार्थी, उनके अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### मोतियाबिंद पीड़ितों के चिन्हांकन के लिए 19 से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर अंतर्गत मोतियाबिंद मुक्त भारत को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। उपसंचालक समाज कल्याण ने बताया कि धमतरी जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो मोतियाबिंद से पीड़ित हैं, उनके चिन्हांकन के लिए 19 जनवरी से 22 जनवरी तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को नगरी, 20 जनवरी को कुरूद, 21 जनवरी को मगरलोड और 22 जनवरी को धमतरी में सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। जिले से चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में 1 फरवरी से किया जाएगा।

# महापुरुषों के अपमान पर कांग्रेसियों ने की गांधीगिरी



महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने किया मौन सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित अनेक महापुरुषों की तस्वीरों को पहले लावारिस हालत में फेंक देने के बाद कचरे की गाड़ी में डालकर ले जाने को लेकर कांग्रेसजनों ने गुरूवार से मोर्चा खोल दिया है।

ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष गौतम वाधवानी, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि शुक्रवार को सेंचुरी गार्डन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह किया गया। महापौर रामू रोहरा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब कांग्रेस के लोगों ने उन्हें उनके चेंबर में जाकर महापुरुषों के अपमान से अवगत कराया तो उसके बाद भी कचरे की गाड़ी में फिर तस्वीरों के साथ अपमानित करते हुए क्या सिद्ध करना चाहते हैं।

अब यहां लड़ाई जनता के बीच में राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ नौछावर करने वाले लोगों की अस्मिता के लिए लड़ी जाएगी क्योंकि निगम ने निरंकुशता, हठधर्मिता की हद पार कर दी है।

मौन सत्याग्रह बैठने वालों में उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, पार्षद सुमन मेश्राम, सूरज गहरवाल, भागी ध्रुव, गजानंद रजक, सोमेश मेश्राम, राजेश पांडे, देवेंद्र देवांगन शामिल रहे।

### राज्य सरकार किसानों से चोरों जैसा व्यवहार कर रही : प्रकाश

**धमतरी।** जनपद सदस्य एवं कांग्रेस के युवा नेता प्रकाश पवार ने धान खरीदी व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, मानो वे चोर या अपराधी हों।



श्री पवार ने कहा कि प्रशासन द्वारा किसी भी समय, बिना पूर्व सूचना के किसानों के घरों में धान की तलाशी ली जा रही है। जगह की कमी के कारण किसान अपनी उपज को कभी अपने रिश्तेदारों के घर, कभी अन्य सुरक्षित स्थानों या ब्यारा में रखता है, लेकिन प्रशासन उसे किसान का धान मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा किसानों को ऐन-केन-प्रकारेण प्रताड़ित किया जा रहा है और जबरन समर्पण फॉर्म भरवाने का दबाव बनाया जा रहा है। यह प्रक्रिया मेहनतकश अन्नदाता के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है। श्री पवार ने कहा कि किसानों के साथ चोरों और अपराधियों जैसा व्यवहार करना बेहद निंदनीय है। यह रवैया भाजपा सरकार की किसानों के प्रति दुर्भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है।





# पिकअप से शराब की तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पांच लाख के वाहन सहित अवैध शराब जब्त

दो युवक को छोटाहाथी पिकअप से अवैध रूप से शराब तस्करी करते अर्जुनी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांच लाख के वाहन सहित अवैध शराब को जब्त किया है।

जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से कुछ व्यक्तियों द्वारा साहू पेट्रोल पंप की ओर अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने ग्राम आमदी में स्थित साहू पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी की। इसी दौरान वहां से एक संदिग्ध पिकअप गुजर रही थी जिसमें दो युवक सवार थे। पुलिस ने वाहन की तलाश ली। वाहन से 30 पौवा देशी अवैध शराब बरामद की गई। पूछताछ में सवार युवकों ने अपना नाम एकमचंद कुर्रे पिता किसन उम्र 19 वर्ष व हुमन निर्मलकर उम्र 22 वर्ष दोनों कंवर थाना गुरुर जिला बालोद निवासी बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पौवा अवैध शराब कीमत 2800 रुपए, छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 24 वी 8599 कीमत लाख रुपए कुल 5 लाख 2 हजार 800 रूपए का सामान जब्त किया है। पुलिस ने अर्जुनी थाना में धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी एकमचंद कुर्रे व हुमन निर्मलकर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# कृपाशंकर अध्यक्ष, अनीता एवं यशकरण उपाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित धमतरी के कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष, यशकरण सिंह गजेंद्र एवं अनीता घोरपड़े निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित हुए। निर्वाचन अधिकारी सीपी साहू थे। 16 जनवरी को संस्था कार्यालय में अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष एवं अन्य सहकारी सोसाइटियों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ। संचालक मंडल के सदस्य कृपाशंकर मिश्रा, चंद्रकुमार चंद्राकर, अरुण कुमार गौर, यशकरण सिंह गजेंद्र, होलाराम परिहा, नंदकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू, अनीता घोरपडे एवं टिकेश्वरी वर्मा निर्वाचित घोषित किए गए। कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष, यशकरण सिंह गजेंद्र एवं अनीता घोरपड़े निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित हुए।

राजेंद्र चंद्राकर प्रतिनिधि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर एवं मुकेश केसरी प्रतिनिधि जिला सहकारी संघ धमतरी निर्वाचित हुए। गणेश पवार, लक्ष्मणराव मगर, हनुमान सिंह वर्मा, ईश्वरी दयाल साहू, राजकुमार मिश्रा, विजय सोनी, किशन लाल साहू, जनार्दन गजपाल, भारतलाल साहू ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# भय और चिंता के साये में अटल आवासवासी

- जर्जर आवास का सर्वे कराने व रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अटल आवास सोरिद के रहवासियों ने सुरक्षित रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था देने की मांग उठाई है। बुधवार को डिपोपारा अटल आवास निवासी प्रकाश गुमा, मुन्ना पटेल, राज सोनी, उषा सोनी, दीपेश, राहुल, शिवनारायण नायक, रेखा बंजारे, बुधराम यादव, समारिनबाई सहित बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे लोगों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि वे सोरिदवार्ड डिपापारा अटल आवास के निवासी हैं। भवन पुराना होने के कारण अत्यंत जर्जर हो चुका है। यहां के रहवासी अब असुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा है कि 9 जनवरी को भवन की सीढ़ी अचानक टूटने से एक महिला तथा बच्चे को गंभीर चोट आई है। यह घटना अटल आवास की खतरनाक स्थिति को दर्शाती है। समय रहते कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में और बड़ी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। उन्होंने जर्जर आवास का तुरंत सर्वे कराने तथा जो खतरनाक भवन में रह रहे हैं, उन्हें तुरंत सुरक्षित स्थान पर रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की जाए। दुर्घटना में घायल महिला तथा बच्चे को आवश्यक सहायता एवं राहत देने के साथ चिंता और भय में जीवन व्यतीत कर रहे अटल आवासवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### शंकरदाह के खेमराज का बीएसएफ में चयन

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह के खेमराज साहू का चयन बीएसएफ में होने से परिवार एवं ग्राम वासियों में खुशी की लहर है। हायर सेकंडरी स्कूल उत्तीर्ण होने के बाद मात्र 19 साल में पहले प्रयास में उनका चयन हो गया। बड़ा भाई प्रतीक थलसेना में सेवा दे रहे हैं। उनके चयन पर सेवक राम, सखाराम साहू, लक्ष्मीनारायण, बल्लू साहू, महेश साहू, खूबलाल, रूपेश, सोहन, निरंजन, विजय, श्रीमती कली बाई, सत्यभामा, सुनीता, पुष्पलता, ठनेश्वरी, पूर्णिमा, पुष्पांजलि ने हर्ष जताया है।












